प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 24.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा आज ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह का प्रक्षेपण किया गयां
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में शिरकत करेंगे–65 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगें
- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने देश के खेल ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं के लिए व्यापक इंटर्नशिप नीति शुरु की हैं
- राज्य के उत्तर पूर्वी इलाको के साथ–साथ पश्चिमी क्षेत्रों में भी कोहरे से जनजीवन प्रभावितं

00000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने अब से कुछ देर पहले ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह का प्रक्षेपण कियां यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गयां इस मिशन में भारत के सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान, एलवीएम–3 का उपयोग किया गया हैं ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 उपग्रह को अमरीका के एएसटी स्पेसमोबाइल ने तैयार किया हैं इस उपग्रह से स्मार्टफोन पर 4जी और 5जी सेवाएं भी मिल सकेंगीं दूरदराज और कम सुविधा वाले क्षेत्रों में यह विशेष रूप से उपयोगी होगां
इधर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन – डीआरडीओ ने अगली पीढ़ी की आकाश मिसाइल – आकाश–एनजी प्रणाली के उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न कर लिए हैं रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि परीक्षणों के दौरान, मिसाइलों ने सीमा के निकट निम्न ऊंचाई और लंबी दूरी, उच्च ऊंचाई सहित विभिन्न रेंज और ऊंचाई पर हवाई लक्ष्यों को सफलतापूर्वक भेदां

**0000**

बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आज आयोजित किया जाएगां इसमें कुलाधिपति और राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शिरकत करेंगें समारोह में वर्ष 2024 की 1 लाख 20 हजार से ज्यादा उपाधियां प्रदान की जाएंगीं साथ ही 46 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगीं 65 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किये जाएंगें समारोह के बाद अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय में पीएम रूसा प्रोजेक्ट के तहत तैयार भवनों का भी लोकार्पण किया जाएगां वहीं अजमेर के महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह कल होगां समारोह में राज्यपाल 54 शोधा र्थियों को पीएचडी की उपाधि और 40 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगें

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज शेखावाटी क्षेत्र के दौरे पर रहेंगें वे वहां सालासर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगें इसके बाद उनका सीकर में विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास का कार्यक्रम हैं श्री शर्मा इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगें

0000

वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में कल रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जायेगां कौशल, नियोजन और उद्यमिता विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय महोत्सव जयपुर के वाणिज्य महाविद्यालय परिसर में किया जाएगां विभाग के आयुक्त ऋषभ मंडल ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन श्री शर्मा करेंगें उन्होंने बताया कि महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 120 निजी नियोजक भाग लेंगें नियोजक अपनी 5 हजार से अधिक रिक्तियों के अनुसार मौके पर ही युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन करेंगें इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा युवा हित के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जायेगीं

00000

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में कल राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआं सम्मेलन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कीं इस अवसर पर राज्यपाल ने श्री वाजपेयी के व्यक्तित्व से जुड़े संस्मरण साझा कियें उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी कवि हृदय के संवेदनशील और राष्ट्रवादी विचारों के विरल राजनीतिज्ञ थें मुख्यमंत्री ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए अटल जी की यादों को साझा कियां

......

00000

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का कल निधन हो गयां वे 88 वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमार थें 1 जनवरी 1937 में जन्मे विनोद कुमार शुक्ल का हिन्दी साहित्य में बडा योगदान रहां सब कुछ होना बचा रहेगा उनकी प्रसिद्ध रचना रहीं उनके लिखे उपन्यास नौकर की कमीज पर फिल्म भी बनाई गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया हैं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी श्री शुक्ल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अपने संदेश में पुण्यात्मा की शांति और परिजनो को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की हैं

0000

केन्द्रीय पर्यावण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल कोटपूतली बहरोड में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक कीं उन्होंने विभिन्न योजनाओं और नेशनल हाईवे की समस्या के निस्तारण पर अधिकारियों से चर्चा कीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जिले की विभिन्न समस्याओं को जल्द ही सुलझाया जायेगां

....

00000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने युवा प्रतिभाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और देश के खेल ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक इंटर्नशिप नीति शुरु की हैं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इसके अंतर्गत कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मंत्रालय और उसके स्वायत्त निकायों में इंटर्नशिप दी जाएगीं उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को खेल प्रशासन, संचालन और इससे जुड़े क्षेत्रों के अनुभव प्राप्त हो सकेंगें इस नीति के तहत हर साल चार सौ 52 इंटर्नशिप प्रदान की जाएगीं

00000

सांसद खेल महोत्सव के तहत कल से अजमेर में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू हुई महोत्सव में 16 विभिन्न खेल विधाओं में ढाई हजार से अधिक खिलाडी भाग ले रहे हैं इसका समापन कल होगां उधर करौली में आज से करौली प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा हैं जिला मुख्यालय स्थित राजीव गांधी खेल संकुल में होने वाली इस क्रिकेट प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाडियों के साथ–साथ अन्य राज्यों से चयनित खिलाडी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगें

0000

राज्य के उत्तर पूर्वी इलाको के साथ–साथ  पश्चिमी क्षेत्रों में भी कोहरे से जनजीवन प्रभावित हैं कोहरे के चलते दृश्यता कम बनी हुई हैं इससे वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा हैं हालांकि ये कोहरा रबी की फसल के लिए फायदेमंद बताया जा रहा हैं झुंझुनूं में आज सुबह खेतों में ओस की बूंदे जमी हुई दिखाई दीं इस बीच पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होते ही रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई हैं इससे ठिठुरन बढ गई हैं कई स्थानों पर शीतलहर चलने के भी समाचार हैं जैसलमेर के मोहनगढ नाचना, रामगढ और नहरी क्षेत्र में सर्द हवाओं ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया हैं मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना व्यक्त की हैं

00000